MCF/RBL

भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 06.12.2025

आरेडिका में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 70वां महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन।

आज दिनांक 06.12.2025 को आरेडिका रायबरेली में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर की चित्र प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई ।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रंधाजलि तभी होगा जब हम उनके बनाये रास्ते पर चलें, उनके आदर्शों का पालन करें। आरेडिका में सभी कर्मचारी एक दूसरे का सहयोग करते हैं और आगे भी आप ऐसा करें, कॉलोनी एवं आस पास के बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए कम से कम सप्ताह में 1 घंटे पढायें। बाबा साहब समाज सुधारक, जातिवाद उन्मूलक, राष्ट्र नायक थे। वे मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होने देश का संविधान निर्मित कर लोगों को स्वतंत्रता, समानता, और बन्धुता के साथ गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाया।

एससी/एसटी एसोसिएसन के जनरल सैकेट्री देवनाथ निर्मल, के द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन उनके संघर्षों, योगदान, और बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब महामानव थे एवं स्त्री शिक्षा के हिमायती थे।

प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन, एससी/एसटी एसोसिएसन एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी, यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

06/12/2025

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी